Regarding need to introduce a direct flight service between Silchar and Delhi-Laid

श्री परिमल शुक्लबैद्य **(सिल्चर) :** मैं नागर विमानन मंत्री महोदय का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण जनहित के विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । उत्तर-पूर्व भारत का प्रमुख नगर सिलचर, जो असम के बराक घाटी क्षेत्र का मुख्य द्वार है, आज भी देश की राजधानी नई दिल्ली से सीधी हवाई सेवा से वंचित है । वर्तमान में यात्रियों को कोलकाता या गुवाहाटी के माध्यम से कनेक्टिंग फ्लाइट लेनी पड़ती है, जिससे कुल यात्रा समय 5 घंटे से अधिक हो जाता है । इससे यात्रियों को अतिरिक्त समय, आर्थिक बोझ और अनावश्यक मानसिक तनाव झेलना पड़ता है । सिलचर न केवल असम,बल्कि त्रिपुरा,मिजोरम और मेघालय जैसे पड़ोसी राज्यों के लिए भी एक महत्त्वपूर्ण ट्रांज़िट हब है । यहाँ से बड़ी संख्या में विद्यार्थी,सरकारी कर्मचारी, व्यापारी, मरीज और आम नागरिक नियमित रूप से दिल्ली की यात्रा करते हैं । इस क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या और परिवहन की आवश्यकता को देखते हुए सीधी उड़ान सेवा अत्यंत अनिवार्य हो चुकी है । यदि सिलचरदिल्ली सीधी उड़ान सेवा प्रारंभ की जाती है, तो इससे क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलेगा, चिकित्सा व व्यापारिक गतिविधियों को बल मिलेगा, पर्यटन की संभावनाएँ बढ़ेंगी और यात्रियों का समय व व्यय दोनों की बचत होगी ।साथ ही, यह उड़ान योजना के उद्देश्यों को भी सशक्त रूप से आगे बढ़ाएगा ।